भारत सरकार
कार्यालय प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त
आंध्रप्रदेश व तेलंगाना, हैदराबाद
'सी' ब्लाक, 10वीं तल, आयकर शिखर
10-2-3, ए.सी. गार्ड्स, हैदराबाद - 500 004

GOVERNMENT OF INDIA
Office of the
Pr. Chief Commissioner of Income Tax,
Andhra Pradesh & Telangana, Hyderabad
'C' Block, 10th Floor, IT Towers,
10-2-3, A.C.Guards, Hyderabad – 500 004.

अपील

"हिंदी दिवस" के पावन अवसर पर आयकर परिवार के सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

एक राष्ट्र के रूप में हम अपनी स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। इस अवधि में देश ने चहुँमुखी प्रगति की है और इसी क्रम में राजभाषा के रूप में हिंदी की प्रगति भी हुई है । वस्तुत: संघ की राजभाषा नीति का आधार ही प्रेरणा और प्रोत्साहन है।

आयकर विभाग, आंध्र प्रदेश व तेलंगाना क्षेत्र में भी इसी सद्भावना के साथ राजभाषा हिंदी का विकास एवं प्रचार-प्रसार हो रहा है। हिंदी पखवाड़ा, 2021 के उपलक्ष्य में पूरे क्षेत्र में सभी कर्मियों के लिए हिंदी की विभिन्न रोचक व उत्साहवर्धक प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही है। हर्ष का विषय है कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उपलब्ध तकनीकी सुविधाओं का उपयोग करते हुए संपूर्ण क्षेत्र में कर्मियों को जोड़ने के लिए एक उत्तम मंच प्रदान किया गया है, जो अपने आप में एक अभिनव प्रयोग है। आशा है इससे हिंदी के कार्यों में गुणात्मक वृद्धि अवश्य होगी।

पिछले दिनों से विभाग में हुए परिवर्तन के कारण हम सभी को कार्य निपटान में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के विभिन्न चुनौतीपूर्ण संवेदनशील कार्यों को आंध्र प्रदेश व तेलंगाना प्रभार तत्परता और गुणवत्ता के साथ संपन्न करने में निरंतर प्रयासरत रहा है। इसी प्रकार राजभाषा हिंदी की अभिवृद्धि के लिए मैं सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील करता हूँ कि आप सब अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करने और इसके प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लें।

> "लक्ष्य जितना बड़ा होता है, समस्या भी उतनी बड़ी होती है। ऐसे में समस्या के कप्तान बनना सीखो। समस्या को कप्तान नहीं बनने दो। जीवन में हमेशा समस्याओं पर जीत दर्ज करने की कोशिश करनी चाहिए, इसके लिए समस्याओं पर विजय पाते हुए उनका नेतृत्व करना चाहिए, कभी भी समस्याओं को अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए।"
>
> डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, पूर्व राष्ट्रपति, भारत.
> दिनांक 15 जून 2007
> राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी, नागपुर

अतुल प्रणय

14 सितंबर, 2021

(अतुल प्रणय)
आन्ध्र प्रदेश व तेलंगाना क्षेत्र,
हैदराबाद